दिन–शनिवार दिनांक– 04 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह भी शामिल हुए। उपराष्ट्रपति पश्चिम चंपारण के गौनाहा प्रखंड के भितिहरवा गांधी आश्रम जायेंगे, जहां वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि वह देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों को अफरा–तफरी में पेट्रोल और डीजल की खरीददारी न करने और एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अपर मुख्य सचिव और प्रधान सचिव के साथ ईंधन आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए उपायों का उल्लेख किया। बैठक में राज्यों को एलपीजी वितरण के घरेलू और आवश्यक जरूरतों पर प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सरकार भूमि विवाद से जुड़े मामलों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज मुंगेर में भूमि सुधार जनकल्याण संवाद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार ठोस कार्ययोजना के तहत काम कर रही है। श्री सिन्हा ने अधिकारियों को कार्यक्रम में आये मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये।

———————————————————————————

प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक संचालित होंगे। बाल विकास परियोजना निदेशालय ने बढ़ती गर्मी को देखते हुये आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में बदलाव किया है। यह आदेश बीस सितम्बर तक प्रभावी रहेगा। वहीं, प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में छह अप्रैल से नई समय सारणी लागू होगी। इसके अनुसार कक्षाएं सुबह साढ़े छह बजे से दोपहर बारह बजकर बीस मिनट तक संचालित की जायेगी।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि कल से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है। वहीं, छह और सात अप्रैल को कुछ जिलों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। इस बीच, प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया और रघुनाथपुर थाना क्षेत्रों में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। अभी भी कई लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इधर, इस मामले में एक मृतक के परिजनों ने तुरकौलिया थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया है। मामले की जांच के लिए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित एसआईटी लगातार छापेमारी कर रही है।

———————————————————————————

बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हॉस्पिटल चौके के पास बस की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

पटना के एक चिकित्सक से दस लाख रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को नवादा से गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।